# भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालू नगर, मधेपुरा – 852113

पत्रांक - G.S.(DSW-629/26)-1228/26 दिनांक -14/09/2026

**सूचना**

स्नातक पाठ्यक्रम (2026–2030) के प्रथम सेमेस्टर में मेधा सूची के आधार पर नामांकन संपन्न होने के पश्चात रिक्त सीटों पर स्पॉट नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आज दिनांक 14/09/2026 को राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार (Memo No.: BSU-16/2026/94/ACS/GS, Dated: 27-06-2026) स्पॉट नामांकन की सूची जारी की जा रही है। स्पॉट नामांकन की सूची बिना आरक्षण एवं मेधा के, पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर जारी की जा रही है। नामांकन की समय-सारणी हेतु निम्नलिखित है।

1. **ऑनलाइन नामांकन प्रारंभ** - 15/09/2026
2. **ऑनलाइन नामांकन समाप्त** - 16/09/2026
3. **फीस जमा करने की अंतिम तिथि** - 17/09/2026

**नामांकन हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का पालन करें:**

1. जिन विषयों में रिक्त सीटों से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन विषयों में सभी आवेदकों का चयन किया गया है। जिन विषयों में रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनमें पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सीटें आवंटित की गई हैं।

2. स्पॉट नामांकन हेतु जारी की गई चयन सूची पूर्णतः औपबंधिक है। नामांकन की पात्रता की शर्तें पूरी करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज सही पाए जाने पर ही नामांकन देय होगा।

Scanned with OKEN Scanner

3. औपबंधिक रूप से चयनित सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने आवंटित महाविद्यालय में जाकर दिनांक 16-09-2026 तक नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करें।

4. संबंधित महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों के 12वीं के प्राप्तांक सहित अन्य सभी आवश्यक दस्तावेजों का विधिवत सत्यापन किया जाए। अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता एवं संबंधित प्रमाण-पत्रों का सत्यापन करने के पश्चात ही नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए नामांकन प्रदान किया जाए। 12वीं के प्राप्तांक गलत पाए जाने पर नामांकन नहीं लिया जाए।

5. प्रत्येक महाविद्यालय संबंधित विषयों में स्वीकृत सीटों का सही हिसाब रखते हुए ही नामांकन प्रदान करे। निर्धारित सीट से अधिक छात्रों का आवंटन होने पर तत्काल DSW/Admission Office से संपर्क करे। स्वीकृत सीटों से अधिक नामांकन होने पर इसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

6. नामांकन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय के SAMARTH पोर्टल **https://bnmuadm.samarth.edu.in/** पर उपलब्ध है।

**विश्वासभाजन**

ह० /-

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

**प्रतिलिपि प्रेषित, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ:**

1. सभी प्रधानाचार्य, अंगीभूत एवं संबंधित महाविद्यालय, भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
2. परीक्षा नियंत्रक / नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाइट) / नोडल पदाधिकारी (सामान्य), भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
3. नोडल पदाधिकारी, समर्थ, भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
4. कुलपति के निजी सहायक / कुलसचिव कार्यालय।

Mishra 14/9/26

**नोडल एडमिशन**

14/09/26

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

Scanned with OKEN Scanner